कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में वाणिज्य, वाणिज्य प्रबंधन, कला, विज्ञान एवं गृह विज्ञान संकाय की प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिये इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी नव-प्रवेशी छात्राओं को महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित समस्त जानकारी दी गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुये पाठ्यक्रम, परीक्षा और अनुशासन के साथ शैक्षणेत्तर गतिविधियों को विस्तार से बताया।

महाविद्यालय की आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने विभिन्न सुविधाओं को बताते हुये, निजी स्वच्छता, कॉमन रूम आदि के रख-रखाव संबंधी जानकारी प्रदान की, साथ ही सांस्कृतिक, साहित्यिक, क्रीड़ा एवं ग्रंथालय के विषय में जानकारी दी गई।

वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने प्रवेश कार्ड, आई.डी. एवं समय-सारिणी के संबंध में बताया। कला संकाय के अध्यक्ष डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने अपने के.बी.सी. के अनुभव को साझा करते हुये छात्राओं को निरंतर मेहनत एवं अभ्यास करते रहने एवं कॅरियर में वृद्धि के लिए कड़ी मेहनत करने हेतु प्रेरणास्पद व्याख्यान दिया। विज्ञान संकाय की प्राध्यापक डॉ. उषा चंदेल ने आंतरिक मूल्यांकन, नियमित उपस्थिति एवं प्रायोगिक कक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस अवसर पर डॉ. मंजूलता साव एवं श्रीमती ज्योति भरणे ने भी छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मोहम्मद शोएब ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में इंडक्शन कार्यक्रम